हिन्दी प्रादेशिक समाचार

आकाशवाणी चंडीगढ़

(तिथि 21 फ़रवरी 2026, समय 1305 (5 मिनट)

इंडिया एआई इम्पैक्ट एक्सपो का आज अंतिम दिन है। प्रदर्शकों, नवप्रवर्तकों और आगंतुकों की उत्साहजनक प्रतिक्रिया को देखते हुए सरकार ने एक्सपो को एक दिन और बढ़ा दिया है। हमारे संवाददाता ने बताया कि एक्सपो शाम छह बजे तक खुला रहेगा।

****

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी कल दिन में 11 बजे आकाशवाणी से 'मन की बात' कार्यक्रम में देश और विदेश के लोगों से अपने विचार साझा करेंगे। यह मासिक रेडियो कार्यक्रम का 131वां संस्करण होगा। कार्यक्रम का प्रसारण आकाशवाणी और दूरदर्शन के समूचे नेटवर्क, आकाशवाणी समाचार वेबसाइट और न्यूज़ऑनएआईआर मोबाइल ऐप पर किया जाएगा।

****

हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि कांग्रेस लगातार देश की संवैधानिक संस्थाओं का अपमान कर लोकतांत्रिक मूल्यों को कमजोर करने का कार्य कर रही है।

मुख्यमंत्री ने नई दिल्ली स्थित भारत मंडपम में आयोजित सम्मेलन के दौरान कांग्रेस द्वारा अपनाए गए विरोध के तरीके को बेहद अफसोसजनक बताया। उन्होंने कहा कि इस सम्मेलन में पूरे विश्व से प्रबुद्धजन, नीति-निर्माता और प्रतिनिधि भाग लेने के लिए आए हैं। ऐसे अंतरराष्ट्रीय मंच पर सम्मेलन के अंदर जिस प्रकार का अशोभनीय कार्य किया गया है, वह न केवल अनुचित है बल्कि देश की प्रतिष्ठा को ठेस पहुंचाने वाला है।

उन्होंने स्पष्ट कहा कि इस प्रकार की हरकत करने वाले लोगों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जानी चाहिए, ताकि भविष्य में कोई भी व्यक्ति राष्ट्र की गरिमा को आहत करने का साहस न कर सके।
मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत निरंतर प्रगति और विकास के पथ पर अग्रसर है। आज वैश्विक मंच पर भारत की साख मजबूत हुई है और देश विश्व पटल पर नई ऊंचाइयों को छू रहा है। ऐसे समय में विपक्ष द्वारा इस प्रकार का आचरण दुर्भाग्यपूर्ण और गैर-जिम्मेदाराना है।
****

दलहनी फसलों और प्राकृतिक खेती को बढ़ावा देने वाले प्रगतिशील किसान रावल वासन गाँव निवासी कृष्ण कुमार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पत्र लिखकर उनकी तारीफ़ की है।
कृष्ण कुमार ने बताया कि पिछले वर्ष अक्तूबर महीने में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी से दलहनी फसलों की प्राकृतिक खेती करने वाले 14 अन्य किसानों के साथ मुलाकात की थी।

****

चंडीगढ़ का 54वां रोज फेस्टिवल-2026 कल जाकिर हुसैन रोज गार्डन में धूमधाम और भव्यता के साथ प्रारंभ हुआ। प्रकृति को समर्पित इस तीन दिवसीय महोत्सव का औपचारिक उद्घाटन पंजाब के राज्यपाल एवं केंद्र शासित प्रदेश चंडीगढ़ के प्रशासक गुलाब चंद कटारिया ने अपनी धर्मपत्नी श्रीमती अनीता कटारिया के साथ किया।

समारोह को संबोधित करते हुए राज्यपाल ने नगर निगम के अधिकारियों एवं कर्मचारियों के समर्पित प्रयासों की सराहना की।
नागरिकों और युवा प्रतिभाओं की उत्साहपूर्ण भागीदारी की सराहना करते हुए उन्होंने विभिन्न प्रतियोगिताओं के प्रतिभागियों के लिए 10 लाख रुपए के विशेष पुरस्कार कोष की घोषणा की। उन्होंने यह भी प्रसन्नता व्यक्त की कि इस वर्ष भी महोत्सव लगातार दूसरी बार 'ज़ीरो बजट' और 'ज़ीरो वेस्ट' मॉडल पर

आयोजित किया जा रहा है, जो सतत विकास और जनभागीदारी के प्रति शहर की प्रतिबद्धता को दर्शाता है।

मेयर सौरभ जोशी ने कहा कि महोत्सव में हर आयु वर्ग के लिए आकर्षण है, जिसमें रोज प्रिंस एवं प्रिंसेस, मिस्टर एवं मिस रोज तथा वरिष्ठ नागरिकों के लिए रोज किंग एवं क्वीन जैसी लोकप्रिय प्रतियोगिताएं शामिल हैं। उन्होंने नगर निगम के अधिकारियों के अथक प्रयासों की सराहना की।

मिशन के अंतर्गत जागरूकता प्रदर्शनी लगाई है तथा “स्वच्छता के पज़ल्स” नामक इंटरैक्टिव गतिविधि शुरू की है, जो कचरा पृथक्करण, चार प्रकार के अपशिष्ट, प्लास्टिक मुक्त जीवन और स्वच्छता संदेशों को बढ़ावा देती है।

****